हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 28 नवंबर 2025

04 सांसद खेल महोत्सव के तहत आयोजित स्पर्धा में ...



07 जिले भर में आईएएस वर्मा का पुतला फूंका...





**खबर संक्षेप**

### 3 दुकानों के लाइसेंस निरस्त और 2 के निलंबित

**सीहोर।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा सीहोर जिले की 05 मेडिकल दुकानों पर अनियमितताएं पाए जाने पर कार्रवाई की गई है।
अनियमितताएं जाए जाने पर 03 मेडिकल दुकानों मेसर्स राजा मेडिकल भैरूंदा, मेसर्स विजासन मेडिकल रेहटी, मेसर्स सोनम मेडिकल मालीबाया के लाइसेंस निरस्त किए गए हैं तथा दुआ मेडिकल श्यामपुर एवं माहेश्वरी मेडिकल सीहोर के लाइसेंस निलंबित किए गए हैं।
उल्लेखनीय है कि खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार मेडिकलों से विक्रय होने वाले वाली दवाओं एवं मेडिकल दुकानों पर अनियमितताओं की रोकथाम के उद्देश्य से निरीक्षण दल द्वारा जिले में मेडिकल दुकानों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। कुछ दिवसों पहले जांच दल द्वारा निरीक्षण के दौरान अनियमितताएं पाए जाने पर इन मेडिकल दुकानों को नोटिस जारी किया गया था और निर्धारित समय सीमा में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे। इन मेडिकलों द्वारा इस संबंध में कोई जबाव प्रस्तुत नही किया गया और क्रय-विक्रय रिकॉर्ड भी प्रस्तुत नही किया गया, इसलिए इन मेडिकल स्टोर्स पर यह कार्रवाई की गई है।

### एक दिसम्बर को प्रदेश में होगा गीता जयंती का भव्य आयोजन

**सीहोर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्री परिषद की बैठक से पहले अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा श्रम कानून के संबंध में लिए गए फैसले के लिए मंत्रि-परिषद की ओर से उनका आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उद्योग व्यापार के लिए यह अद्भुत कला है, श्रम से संबंधित 44 कानून की बजाय केवल 4 कानून की व्यवस्था से उद्योग व्यापार जगत को विशेष प्रोत्साहन मिलेगा। यह कानून पूरे देश में एक साथ लागू होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खजुराहो में 8 और 9 दिसंबर को विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। इसमें विभागों की दो वर्ष की उपलब्धियों, नवाचारों, आगामी वर्षों के प्रमुख लक्ष्यों, चुनौतियों और कार्य योजनाओं पर चर्चा होगी। इसके साथ ही 9 दिसंबर को मंत्री परिषद की बैठक खजुराहो में होगी। यह गतिविधि केन बेतवा लिंक परियोजना और बुंदेलखंड के विकास को समर्पित होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत में जन्मी मादा चीता ₹मुखीर₹ द्वारा 5 शावकों को जन्म देना बड़ी उपलब्धि है।

---

वीआईटी मारपीट मामले पर सीएम ने जांच समिति बनाई

# प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर बोलीं: स्टूडेंट्स की सुरक्षा में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए, दिए सख्त निर्देश

छात्रों ने वीआईटी में दूषित भोजन और पानी दिए जाने की शिकायत की थी। इस संबंध में खाद्य विभाग ने खाने के सैंपल लिए हैं, जबकि पीएचई विभाग ने पानी के सैंपल जांच के लिए एकत्र किए हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जिले की वीआईटी यूनिवर्सिटी में मंगलवार रात दूषित भोजन और पानी की शिकायत के बाद हॉस्टल वार्डन व गार्डों द्वारा मारपीट के आरोप लगे। इसके बाद छात्रों ने जमकर हंगामा किया, जिससे तोड़फोड़ और आगजनी की घटना हुई। इस मामले में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच समिति गठित की है।

घटना की विस्तृत जानकारी लेने और छात्रों से मिलने के लिए सरकार ने पिछड़ा वर्ग एवं जिले की प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर को सीहोर भेजा। मंत्री गौर ने कलेक्ट्रेट स्थित जिला पंचायत सभा में अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में



सीहोर विधायक सुदेश राय, आष्टा विधायक गोपाल इंजीनियर, कलेक्टर बाला गुरु के, एसपी दीपक कुमार शुक्ला और अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

**मंत्री बोलीं- सरकार की प्राथमिकता बच्चों की सुरक्षा :** बैठक के दौरान प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर ने जिला प्रशासन को सख्त निर्देश दिए कि छात्रों की सुरक्षा में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए और उनके स्वास्थ्य से कोई खिलवाड़ न हो। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता छात्रों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना है।

छात्रों ने वीआईटी में दूषित भोजन और पानी दिए जाने की शिकायत की थी। इस संबंध में खाद्य विभाग ने खाने के सैंपल लिए हैं, जबकि पीएचई विभाग ने पानी के सैंपल जांच के लिए एकत्र किए हैं।

**वीआईटी प्रबंधन ने चूक की है**

मंत्री कृष्णा गौर वीआईटी यूनिवर्सिटी भी पहुंची और हॉस्टल में रह रहे स्टूडेंट्स से भी संवाद किया। मंगलवार रात घटी घटना की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने भोजन और पानी की गुणवत्ता को लेकर भी उनसे बात की। उन्होंने कहा कि सरकार छात्रों के साथ खड़ी है। उन्होंने वीआईटी रजिस्ट्रार केके नायर और प्रबंधन के अन्य अधिकारियों के साथ बातचीत करते हुए कहा कि स्टूडेंट की समस्या को गंभीरता से सुनना चाहिए, छात्रों की बहुत छोटी-छोटी समस्याएं होती हैं, इनका त्वरित निराकरण होना चाहिए। उनके साथ प्रबंधन को पारदर्शी बर्ताव रखना चाहिए। कालेज प्रबंधन यह सुनिश्चित करें की आगामी भविष्य में इस प्रकार की घटना की पुनरावृति नहीं होगी। उन्होंने कहा कि यूनिवर्सिटी प्रबंधन ने बच्चों की समस्या को समझने में चूक की है, जिससे यह स्थिति हुई है।

## अभाविप ने प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर को सौंपा ज्ञापन

### वीआईटी भोपाल प्रकरण पर तत्काल कार्यवाही की मांग

**सीहोर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) सीहोर के प्रांत कार्य समिति सदस्य हर्षित मेवाड़ा के नेतृत्व में गुरुवार को प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर को ज्ञापन सौंपा, जिसमें बताया गया कि वीआईटी भोपाल (वास्तविक स्थान सीहोर) में पिछले दिनों सामने आए गंभीर स्वास्थ्य संकट, भोजन-पेयजल की अव्यवस्था, छात्रों को अवैध रूप से कमरों में रोके जाने, सुरक्षा गाड्र्स द्वारा छात्रों पर किए गए हमलों, विश्वविद्यालय प्रबंधन की निरंतर लापरवाही, पारदर्शिता के अभाव और भ्रामक संस्थागत नाम जैसी गंभीर अनियमित्ताऐं हैं। ज्ञापन में यह



भी बताया कि वीआईटी परिसर में सतराह हजार से अधिक छात्र अध्ययनरत हैं, लेकिन स्वास्थ्य, सुरक्षा, प्राथमिक उपचार, स्वच्छ भोजन-पानी और प्रशासनिक जवाबदेही जैसी बुनियादी आवश्यकताएं तक उपलब्ध नहीं हैं। छात्रों को उनकी इच्छा के विरुद्ध कमरों में बंद करना, आवाज़ उठाने पर दबाव बनाना और प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा कर्मियों द्वारा बल प्रयोग करना अत्यंत गंभीर मामले हैं, जिन्हें अब तक किसी भी स्तर पर उचित रूप से नहीं लिया गया है। इस मौके पर प्रांत कार्यसमिति सदस्य हर्षित मेवाड़ा ने बताया कि अभाविप ने इन समस्याओं को विश्वविद्यालय प्रशासन, जिला प्रशासन, निजी विश्वविद्यालय आयोग और तकनीकी शिक्षा विभाग तक पूर्व में भी ज्ञापन सौंपे, लेकिन आज तक एक भी ठोस और निर्णायक कार्यवाही नहीं सकी है। प्रबंधन की लापरवाही लगातार बढ़ती जा रही है।

अभाविप ने मांग की है कि विश्वविद्यालय प्रबंधन पर तत्काल कठोर कार्यवाही की जाए, घटना में संलज्न सुरक्षा कर्मियों और उनकी एजेंसी पर एफआईआर दर्ज करते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष व उच्च-स्तरीय जाँच कर छात्रों की सुरक्षा और अधिकारों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। यदि तत्काल कार्यवाही नही होती है तो परिषद प्रदेश व्यापी आन्दोलन करने के लिये बाध्य होगा।

---

# कम विजिबिलिटी बनी काल, हाईवे पर खड़े ट्रक से टकराई कार

### इंदौर की महिला और भोपाल के युवक की मौत, तीन घायल

**सीहोर।** इंदौर-भोपाल राष्ट्रीय राजमार्ग पर आज (गुरुवार) सुबह लगभग छह बजे कम विजिबिलिटी के कारण एक भीषण सडक़ दुर्घटना हो गई, जिसमें दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ही परिवार के तीन अन्य सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा दरबार ढाबे के पास हुआ, जब एक तेज रफ्तार कार सडक़ किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई।

पुलिस के शुरुआती जांच के अनुसार सुबह के समय कोहरा होने के कारण कार चालक सडक़ किनारे खड़े ट्रक को समय रहते देख नहीं पाया। कार की गति भी संभवतः अधिक थी, जिससे चालक नियंत्रण खो बैठा। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।



#### नेमा परिवार पर टूटा कहर

पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और सभी घायलों को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे में संध्या नेमा पत्नी सुनील नेमा उम्र 56 वर्ष इंदौर एवं युवक मृदंग नेमा पिता संजीव नेमा 28 वर्ष भोपाल की मौके पर मौत हो गई, जबकि सुनील नेमा पिता अर्जुन लाल नेमा 60 वर्ष इंदौर, संजीव नेमा पिता मोहन नेमा 45 वर्ष एमपी नगर भोपाल, मीनल नेमा पत्नी संजीव नेमा 40 वर्ष एमपी नगर भोपाल गंभीर रूप से घायल हुए हैं। बताया जा रहा है कि नेमा परिवार महू से राजधानी भोपाल जा रहा था।

---

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 149. विजय कुमार डोंगरे पिता\पति स्व. सेवक राम डोंगरे पता - प्रेम नगर लोधी पारा गुढ़ियारी रायपुर, 150. केशव देवांगन पिता\पति हेमलाल देवांगन पता - बीरगांव वार्ड क्र. 26, 151. गौरव साहू पिता\पति मनी साहू पता - सुदामा नगर टिकरापारा रायपुर, 152. ज्योत्सना चौकीदार पिता\पति स्व. सेवक राम डोंगरे पता - पहाड़ी पारा गुदियारी रायपुर, 153. मनीष साय पिता\पति मोहन साय पता - आर.डी. ए छोटी कॉलोनी टिकरापारा, 154. खूबचंद साहू पिता\पति दीनदयाल साहू पता - भनपुरी रायपुर, 155. अनीता ध्रुवंशी पिता\पति स्व. लक्ष्मी सिंह ध्रुवंशी पता - राधास्वामी नगर रायपुर , 156. संस्कार सोनकर पिता\पति स्व. दीपक सोनकर पता- ब्रम्हदेव कॉलोनी भाटागाँव रायपुर, 157. टिकेश्वर साहू पिता\पति जय प्रकाश साहू पता - बोरिया कला, 158. अनीता पटेल पिता\पति देवसिंह पटेल पता - ग्राम पोस्ट टेकारी (कुंडा), 159. हरीश कुमार साहू पिता\पति नारायण साहू पता-परसदा जोशी, 160. अभिषेक साहू पिता\पति द्वारिका प्रसाद साहू पता-शंकर नगर कोष्टा पारा वार्ड 25, 161. डागेश मंडावी पिता\पति चंद्रहास मंडावी पता-सेहरा डबरी वार्ड 08 कॉलोनी, 162. पुर्वाशी साहु पिता\पति रीकेश कुमार साहु पता- रावन भाटा नगरी, 163. उमभावानी साहू पिता\पति शिवकुमार साहू पता- टेड़ेसरा, 164. झाविश साहू पिता\पति रोमलाल साहू पता-कौरिन भाठा बसंतपुर, 165. निशा साहू पिता\पति नरेन्द्र कुमार साहू पता- टेड़ेसरा राजनादगांव, 166. घनश्याम प्रसाद शर्मा पिता\पति अयोध्या प्रसाद पता- वार्ड न. 11 बेमेतरा, 167. विधान मिश्रा पिता\पति प्रफुल्ल मिश्रा पता- भानुप्रतापपुर, 168. रामपाल साहू पिता\पति स्व. रामेशर साहू पता- घुमका, 169. साक्षी घोस पिता\पति एस. घोस पता- न्यू हाउसिंग वार्ड कॉलोनी जगदलपुर, 170. भामा यादव पिता\पति राकेश कुमार यादव पता-कलेक्ट्रेट कॉलोनी मचेवा, 171. संदीप पाण्डेय पिता\पति रामजी प्रसाद पता- कवर्धा, 172. भाव्या पिता\पति अश्वनी कुमार पता-बुगबड़ा 173. देव सिंह बघेल पिता\पति कपिल राम बघेल पता- बांधापारा कोंडागांव, 174. शिव रानी पिता\पति आर. त्रिमूर्तिय पता- भिलाई सेक्ट -9 हॉस्पिटल, 175. देविका सोनी पिता\पति हरीश कुमार सोनी पता-दुर्ग, 176. देवनाथ देवांगन पिता\पति स्व. कवल सिंह देवांगन पता- म.न. 95 वार्ड न. 56 बघेरा दुर्ग, 177. अशोक सिन्हा पिता\पति दुकालू राम सिन्हा पता- गया नगर दुर्ग, 178. सृष्टि चौधरी पिता\पति स्व. राजेश चौधरी पता- प्लाट न. 4/5 राधिका नगर भिलाई, 179. भारती साहू पिता\पति युवराज साहू पता-EWS 8/2 कोसा नगर दुर्ग, 180. टेरेन्स ठाकुर पिता\पति येदलाल ठाकुर पता- वर्मा हार्डवेयर रामनगर मुक्ति धाम भिलाई, 181. आरुशी टंडन पिता\पति हरीश टंडन पता- राम चौक रामनगर सुपेला भिलाई, 182. गरिमा सिन्हा पिता\पति राजेंद्र प्रसाद सिन्हा पता- सुपेला पांच रास्ता भिलाई, 183. कनक लता दिल्लीवार पिता\पति जनक लाल दिल्लीवार पता-विनायकपुर दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण -** 184. प्रहलाद सिंह नेताम, पिता/पति-- दाऊराम नेताम, पता - अश्वग्रीन कॉलोनी, सेंदरी जिला बिलासपुर, 185. अक्जा सिद्दिकी, पिता/पति- फिरोज अहमद सिद्दिकी पता- लिंक रोड बिलासपुर, 186. कृष्ण कुमार यादव पिता/पति- स्व.रामस्वरूप यादव, पता- मगरपारा बिलासपुर, 187. विशेष कुमार महानंद पिता/पति- राजकुमार महानंद, पता- जबड़ापारा सरकंडा, बिलासपुर, 188. रविशंकर मिश्रा पिता/पति- अयोध्या प्रसाद मिश्रा पता- सरकंडा, बिलासपुर, 189. मयंक ऊके पिता/पति- अरविदं ऊके, पता- मगरपारा, बिलासपुर, 190. नीलू कुमारी पिता/पति- स्व. यूवेल कुमार, पता- आधार विद्या मंदिर, तालापारा, बिलासपुर, 191. कुंदन कटैलिहा, पिता/पति- नर्मदा कटैलिहा पता- सदर बाजार, बिलासपुर, 192. नंदलाल कोसले पिता/पति- शिव कुमार कोसले, पता- इमलीभाठा, बंधवापारा, बिलासपुर 193. जे. बी. सिद्दिकी पिता/पति- मो. तौफीक सिद्दिकी, पता- इंद्रपुरी रोड, शांति नगर, तिफरा, बिलासपुर, 194. रितेश जग्गा पिता/पति- नानकराम जग्गा, पता- बिलासपुर 195. चंद्रकली टंडन, पिता/पति- स्व. अशोक कुमार सूर्यवंशी पता- सोनवानी गली, मंझवापारा, बिलासपुर, 196. कौशिल्या शर्मा पिता/पति- स्व.गोधन शर्मा पता- दीनदयाल कॉलोनी, मंगला, बिलासपुर, 197. मंजूलता पटेल पिता/पति- नरेशराम पटेल, पता- मंगला, बिलासपुर, 198. गंगोत्री बाई कौशिक पिता/पति- भगवानीराम कौशिक पता- पेण्डारी, बिलासपुर, 199. स्वाति बाजपेयी पिता/पति- उज्वल बाजपेयी, पता- वार्ड नं. 16, वैशाली नगर, बिलासपुर, 200. सुधीर खंडेलवाल पिता/पति- स्व. विष्णु स्वरूप जी पता- ग्रीन गार्डन कालोनी बिलासपुर, 201. सरिता जायसवाल पिता/पति- दीपक जायसवाल, पता- एल आई जी 47, दीनदयाल कॉलोनी, मंगला बिलासपुर, 202. अशोक सूर्यवंशी पिता/पति- गेंदलाल सूर्यवंशी, पता- राजीव गांधी चौक, जरहाभाठा बिलासपुर, 203. तापस चटर्जी पिता/पति- स्व.एम.चटर्जी, पता- हेमू नगर, बिलासपुर, 204. पायल अग्रवाल पिता/पति- स्व. सी.एल. अग्रवाल, पता- तेलीपारा सरजू बगीचा बिलासपुर , 205. देवहूति चंद्रा पिता/पति- केशवराम चंद्रा पता- कपिल नगर सरकंडा, बिलासपुर, 206. गंगोत्री बाई कौशिक पिता/पति-कोमल प्रसाद कौशिक, पता- हांफा, बिलासपुर, **भोपाल संस्करण -** 207. मनीष प्रजापति पिता\पति - उदमसिंह प्रजापति पता-जगदीशपुर इस्लाम नगर, 208. भूरी बाई पिता\पति - दिनेश कुमार पता-इस्लाम नगर बैरसिया रोड भोपाल, 209. अर्शी शेख पिता\पति - आबिद शेख पता- म न 340 हनीफ कॉलोनी भोपाल, 210. मुकेश सेन पिता\पति- प्रेम नारायण सेन पता-52 ग्राम इस्लाम नगर बैरसिया रोड भोपाल, 211. देवेन्द्र भावसार पिता\पति - जानकी वल्लभ पता- भावसार जीरापुर, 212. रमेशचंद्र राठौर पिता\पति - पन्नालाल राठौर पता- जीरापुर, 213. नेहा पिता\पति - रामचंद्र जीरापुर, 214. कनिष्का राठौर पिता\पति - रामबाबू राठौर पता- आवास कॉलोनी जीरापुर, **जबलपुर संस्करण -** 215. संध्या पिता\पति - विजय उसरेठे कुमार पता- कटनी, 216. तन्मय सेन पिता\पति - रत्नेश सेन पता-भट्टा मोहल्ला मुड़वारा कटनी, 217. शिवांश सिंधिया पिता\पति - अमित सिंधिया पता- डॉ राजेंद्र प्रसाद वार्ड मंडला, 218. विकास मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह पता- मरावी आमानाला मंडल, 219. रजनी मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह मरावी पता-आमानाला मंडल, 220. राकेश मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह मरावी पता-आमानाला मंडल, 221. दिव्यांजली वर्मा पिता\पति - धीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा पता-पाली उमरिया, 222.संदीप कुमार द्विवेदी पिता\पति - रमेश प्रसाद द्विवेदी वार्ड नंबर 1 समनापुर अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

---

हिंदू धर्म के लोगों से नफरत करना शुरू कर दिया था

# बजरंगियों ने समझाया तो क्रिश्चियन धर्म छोड़कर हिंदू बन गया परिवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

इंदिरा नगर शमशान घाट के पास रहने वाले कमलेश मालवीय का परिवार ईसाई मिशनरी से जुड़े लोगों के द्वारा दिए गए सरकारी नौकरी और नगदी राशि सहित अन्य सहयोग देने के लालच में आकर धर्म बदलकर ईसाई बन गया था।

ईसाई बन चुके परिवार ने हिंदू धर्म से और हिंदू धर्म के लोगों से नफरत करना शुरू कर दिया था। घर में रखी देवी देवताओं की प्रतिमाओं को चित्रों को हटाकर नदी में विसर्जित कर दिया था । घर से हिंदू धार्मिक किताबों को इस परिवार ने हटा दिया था। यह परिवार पूजा पाठ छोड़कर बाइबल के निर्देश अनुसार प्रार्थना करने लगा था । इस बात की भनक लगते ही विश्व हिंदू परिषद



बजरंग दल के कार्यकर्ता इस परिवार के घर पर पहुंचे थे और उन्होंने इस मालवीय परिवार को समझाइए थी। मौके पर कोतवाली थाना पुलिस भी पहुंची थी। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कोतवाली में एक आवेदन दिया था। उसके बाद कोतवाली थाना पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही थी। इस परिवार पर अवैधानिक धर्मांतरण की धाराओं में मुकदमा दर्ज होता इस से पहले कमलेश मालवीय के पिता विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल धर्म रक्षक विभाग जिला प्रमुख जगदीश कुशवाहा, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल नगर संयोजक समीर राय नगर अध्यक्ष परमवीर जाट जिला संयोजक प्रभात मेवाड़ा जिला अखाड़ा प्रमुख अनिरुद्ध प्रताप सिंह, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के नगर पदाधिकारी यज्ञेश राठौर से मिले और वापस हिंदू धर्म में आने की बात कही ।

हिंदू परिषद के द्वारा गुरुवार को बाकायदा उनके घर पहुंच कर ईसाई बन चुके सभी सदस्यों को हिंदू धर्म में वापसी कराई गई। सभी को भगवा अंग वस्त्रम बनाए गए और तिलक लगाया गया गंगाजल चिड़कर उन्हें पवित्र किया गया। गीता जी रामायण जी और भगवान श्री रामचंद्र जी को साक्षी बनाया गया। ईसाई धर्म छोड़कर और हिंदू धर्म में वापस आकर पूरा मालवीय परिवार प्रसन्न है और खुश है उन्होंने भगवान श्री राम दरबार की विधिवत्त पूजा अर्चना भी की और सही मार्ग दिखाने पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### सम्राट विक्रमादित्य सैनिक स्कूल का लोकार्पण आज

**बुधनी।** विद्या भारती मध्य भारत प्रांत के सम्राट विक्रमादित्य सैनिक स्कूल के प्रथम चरण का लोकार्पण और अतिरिक्त भवन के निर्माण हेतु भूमि पूजन आज दोपहर 2 बजे ग्राम बगवाड़ा में होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एनएचडीसी लिमिटेड के निदेशक सीए अरुण डागा उपस्थित रहेंगे जबकि अध्यक्षता राज्यसभा सांसद माया नारोलिया करेंगी विशिष्ट अतिथि के रूप में सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान मध्यप्रदेश के अध्यक्ष मोहनलाल गुप्ता शामिल होंगे। सैनिक शिक्षा और चरित्र निर्माण की दिशा में यह कदम क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील प्रादेशिक सचिव डॉ. शिरोमणि दुबे ने की है।

### पं. बाबूलाल शर्मा का आकस्मिक निधन, शोक व्यक्त कर दी श्रद्धांजलि

**सीहोर।** देवनगर कालोनी निवासी पं. मोहनलाल शर्मा के छोटे भाई व पं.अजय शर्मा मेडिकल के काका जी समाजसेवी पंडित बाबूलाल शर्मा का आकस्मिक निधन बुधवार को हो गया है। बुधवार को इंदिरा नगर विश्राम घाट पर उनके परिजनों ने उन्हें अंतिम विदाई दी। नगर के सामाजिक धार्मिक व सांस्कृतिक संगठन के प्रतिनिधियों ने शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की है।

### खिलाड़ियों की सटीक बल्लेबाजी, धारदार गेंदबाजी और चुस्त फील्डिंग ने खेल प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया

# सांसद खेल महोत्सव के तहत आयोजित स्पर्धा में केसीसी और एलसीसी को फाइनल में मिला स्थान

केंद्रीय मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद शिवराज सिंह चौहान का हमेशा से यह प्रयास रहा है कि क्षेत्र के ग्रामीण और शहरी अंचलों से नई खेल प्रतिभाएं उभरें और प्रदेश व देश स्तर पर भैरुंदा का नाम रोशन करें।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा







भारतीय जनता पार्टी मंडल भैरुंदा के तत्वावधान में नगर के खेल परिसर में आयोजित सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन भव्यता के साथ किया जा रहा है। युवा खिलाड़ियों के भीतर खेल के प्रति जुनून और दर्शकों के उत्साह ने पूरे आयोजन को एक उत्सव का रूप दे दिया है।

केंद्रीय मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद शिवराज सिंह चौहान का हमेशा से यह प्रयास रहा है कि क्षेत्र के ग्रामीण और शहरी अंचलों से नई खेल प्रतिभाएं उभरें और प्रदेश व देश स्तर पर भैरुंदा का नाम रोशन करें। उसी संकल्प की झलक सांसद खेल महोत्सव में साफ दिखाई दे रही है।

### शानदार मुकाबलों से सजा मैदान

गुरुवार को खेले गए मुकाबलों में नगर स्तरीय प्रतियोगिता के तहत केसीसी और एलसीसी टीमों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए फाइनल में प्रवेश प्राप्त किया।

खिलाड़ियों की सटीक बल्लेबाजी, धारदार गेंदबाजी और चुस्त फील्डिंग ने खेल प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अब नगर की विजेता टीम का मुकाबला ग्रामीण क्षेत्र की विजेता टीम से होगा, जो विधानसभा स्तरीय प्रतियोगिता के लिए भैरुंदा का प्रतिनिधित्व करेगी।

कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष रवि मालवीय, नपा अध्यक्ष मारुति शिशिर, भाजपा के वरिष्ठ नेता चंद्रकांत खंडेलवाल, मंडलाध्यक्ष आशीष शर्मा, सहित भाजपा के वरिष्ठ व युवा नेता ओम पटेल, , जितेंद्र गौड़, राजेश पंवार, संजय पटेल, महेंद्र परिहार, दीनबंधु कुशवाह, कपिल खंडेलवाल, गोपाल तिवारी, तरुण मालवीय, राजेश लखेरा, अमित मीणा, रितेश मकवाना, ओम राठौड़, गोलू विश्वकर्मा, अरविंद पंवार, गोल्डी अग्रवाल, राजा राठौर, अभिषेक शर्मा, राजेंद्र सोनी सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए ऐसे आयोजनों को क्षेत्र के लिए अत्यंत आवश्यक बताया।

### टेक्निकल कमेटी का रहा विशेष योगदान

प्रतियोगिता के सफल और निष्पक्ष संचालन में टेक्निकल कमेटी के सदस्य अजय मालवीय, नीलमणि सेंगर, सचिन त्रिवेदी, तरुण राज, सुनील दद्दा, काजू अग्रवाल, सतीश लारा, राकेश पंवार 'रक्का', योगेश पंवार, राजा शर्मा सहित अन्य प्रशिक्षकों का अहम योगदान रहा। उनके समर्पण से आयोजन सुव्यवस्थित और अनुशासित ढंग से संपन्न हो रहा है।

### खेल संस्कृति को बढ़ावा

सांसद खेल महोत्सव केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि युवाओं के भविष्य को दिशा देने का एक सशक्त माध्यम बन रहा है। इससे क्षेत्र में खेल संस्कृति को मजबूती मिल रही है और नई प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का अवसर प्राप्त हो रहा है। बड़ी की संख्या में मौजूद दर्शकों और खेल प्रेमियों ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष गुजराती ने वीआईटी मामले की जांच के लिए गठित कमेटी पर उठाए सवाल



**सीहोर।** कोठरी स्थित वीआईटी में छात्रों के उग्र प्रदर्शन और आगजनी की घटना के बाद राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। घटना की जांच के लिए निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग द्वारा गठित तीन सदस्यीय कमेटी की क्षमताओं पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती ने सवाल उठाए हैं।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती ने जांच कमेटी के गठन पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि उच्च शिक्षा मंत्री (इंदर सिंह परमार) ने इस मामले की जांच के लिए जो समिति बनाई है, उसमें तीन प्रोफेसर्स हैं। गुजराती ने कहा कि प्रोफेसर्स का सम्मान हम सभी लोग बहुत करते हैं, लेकिन एक ऐसी यूनिवर्सिटी जो बड़ा भारी रसूख जिसका प्रबंधन रखता है, उसकी जांच क्या प्रोफेसर्स कर पाएंगे। उन लोगों को दबा दिया जाएगा, क्योंकि वीआईटी ने छात्रों, कर्मचारियों, शिक्षकों से सभी से बांड भरवा रखे हैं, कैमरे के सामने नहीं आने के, किसी भी प्रोटेस्ट में शामिल न होने के। उन्होंने कहा कि राजनीतिक भाषा में कहूं तो शेर का शिकार करने के लिए उच्च शिक्षा मंत्री जी ने बकरियों को भेजा है। गुजराती ने यह भी याद दिलाया कि पूर्व में इसी यूनिवर्सिटी के गार्ड ने सत्तारूढ़ दल से जुड़े छात्र संगठन के लोगों तक को डंडों से मारा था, लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं हो सकी थी।

**उच्च स्तरीय जांच की मांग :** राजीव गुजराती ने सरकार से मांग की है कि इस पूरे मामले की जांच किसी उच्च जांच एजेंसी से कराई जानी चाहिए ताकि 'दूध का दूध और पानी का पानी हो सके' और वीआईटी प्रबंधन पर सख्त कार्रवाई कर लगाम लगाई जा सके।

**गठित जांच कमेटी :** गौरतलब है कि पूरे मामले की जांच के लिए निजी विवि विनियामक आयोग ने तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया है, जिसमें हमीदिया कॉलेज के प्रिंसिपल अनिल शिवानी, डीएमटी कॉलेज के प्रोफेसर संजय दीक्षित और गांधी मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. लोकेन्द्र दवे शामिल हैं। आयोग ने कमेटी को तीन दिन के भीतर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं।

## ब्राह्मण बेटियों पर टिप्पणी के विरोध में प्रदर्शन, आईएएस पर एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग




**सीहोर।** गुरुवार को आईएएस संतोष वर्मा के एक बयान के विरोध में सर्व ब्राह्मण समाज ने प्रदर्शन किया। समाज ने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में समाज ने संतोष वर्मा को तत्काल पद से बर्खास्त करने और उनके खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की है। गुरुवार को सुबह शहर के खजांची लाइन स्थित सर्व ब्राह्मण समाज धर्मशाला में समाज के अध्यक्ष दीपक शर्मा के आह्वान पर बड़ी संख्या में विप्रजन उपस्थित हुए, इसके पश्चात कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपकर तत्काल मामला दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने चेतवानी दी है कि अगर शीघ्र ही काईवाई नहीं की तो पुतला दहन के अलावा उग्र प्रदर्शन पूरे देश में किया जाएगा।

आईएएस संतोष वर्मा का बयान उनकी ओछी मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने अजाक्स के सार्वजनिक मंच से ब्राह्मण बेटियों के खिलाफ जो बयान दिया, वह घोर निंदनीय है। संतोष वर्मा अपने कार्यकाल के दौरान हमेशा विवादों में रहे हैं। उनके खिलाफ पहले से दो आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसके अलावा, उन्होंने पदोन्नति पाने के लिए विशेष न्यायाधीश के फर्जी हस्ताक्षर कर पदोन्नति ली थी, जिसके बाद उन्हें निलंबित भी किया गया था। इतने बड़े पद पर बैठे अधिकारी द्वारा ब्राह्मण बेटियों के खिलाफ दिए गए बयान से पूरे ब्राह्मण समाज की बेटियों और महिलाओं का अपमान हुआ है।


सर्व ब्राह्मण समाज के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि ब्राह्मण समाज मांग करता है कि उन्हें तत्काल बर्खास्त कर समाज का अपमान करने, समाज में वैमनस्य फैलाने, पद का दुरुपयोग करने और शासकीय कर्मचारी के रूप में संविधान की मूल भावना का अपमान करने के आरोप में कठोर धाराओं में प्रकरण दर्ज किया जाए। समाज ने इन प्रकरणों को फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से चलाकर सख्त से सख्त सजा दिलाने की मांग की है। ब्राह्मण समाज के लोगों ने सरकार को चेतावनी दी है कि यदि आईएएस संतोष वर्मा के खिलाफ जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो समाज उग्र आंदोलन करेगा।

## पन्ना रत्न पत्थर से बनी शंखेश्वर पार्श्वनाथ की बेशकीमति मूर्ति होगी सीहोर में स्थापित

### कीमती स्फटिक और मरगज पत्थर की मूर्तियां भी आई सीहोर







**सीहोर।** यूँ तो देशभर में हिन्दु और जैन देवी-देवताओं की एक से बढक़र एक सुन्दर और भव्य प्रतिमाएं हैं जो आकर्षण का केन्द्र रहती हैं लेकिन इसके साथ ही कई बार तब और महत्व बढ़ जाता है जब इन प्रतिमाओं का निर्माण किसी विशेष बेशकीमति पत्थर को तराशकर किया जाता है। नागेश्वर पाश्र्वनाथ जैन मंदिर झालावाड़ राजस्थान में 13.5 फिट लम्बी हरे पन्ना रत्न की प्रतिमा पूरे देश में प्रसिद्ध है। अब इसी तर्ज पर सीहोर में भी पन्ना रत्न की पद्मासन में बनी प्रतिमा स्थापित होने वाली है। इसके साथ ही सफेद स्फटिक और मरकश पत्थर की प्रतिमाएं भी सीहोर आई हैं।

उल्लेखनीय है कि आगामी 30 नवम्बर को नगर में स्थित छावनी और कस्बा क्षेत्र के दो जैन श्वेताम्बर मंदिरों में अनेक प्रतिमाओं की प्रतिष्ठा होने जा रही है। छावनी स्थित प्राचीन ओसवाल जैन मंदिर में पन्ना रत्न से बनी शंखेश्वर पाश्र्वनाथ की प्रतिमा स्थापित होगी। इसकी प्रतिष्ठा का लाभ राजा आनन्द ऋषभ गॉधी परिवार सीहोर ने लिया है। पन्ना रत्न से बनी इस प्रतिमा को लेकर सीहोर सहित आसपास के जैन धर्माबलम्वियों में भी उत्साह है। रत्न से बनी इस प्रतिमा की बहुत मान्यता भी है।

### स्फटिक पत्थर से बनी प्रतिमा

सामान्यतः स्फटिक के शिवलिंग, श्रीयंत्र के साथ ही अन्य प्रतिमाओं का चलन और मान्यता देखने को मिलती है। जैन धर्म में भी स्फटिक का महत्व है। सीहोर में बहुत ही गहरे कठोर स्फटिक के पत्थर को तराशकर बनाई गई पाश्र्वनाथ भगवान की आकर्षक प्रतिमा की छावनी स्थित प्राचीन ओसवाल जैन मंदिर में स्थापना होगी। जिसकी प्रतिष्ठा का लाभ वर्षा बहन नरेन्द्र भाई शाह परिवार मुम्बई ने लिया है।

### मरगज पत्थर से बनी प्रतिमा

पन्ना रत्न के स्थान पर उपरत्न के रूप में मरकज भी एक कीमति रत्न है। सीहोर के प्राचीन मनमोहन पाश्र्वनाथ जैन मंदिर कस्बा में एक प्रतिमा मरकज पत्थर से बनी हुई स्थापित कराई जा रही है। इसे जयपुर के कलाकार ने बनाया है। इस कीमति प्रतिमा की स्थापना का लाभ मनोज भाई गुजराती गॉधी परिवार मुम्बई ने लिया है। आगामी 28 से 30 नवम्बर तक सीहोर के दो श्वेताम्बर जैन मंदिरों में प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन है जिसकी तैयारियॉ जोरशोर से चल रही है।

## रास्ते पर कर लिया अतिक्रमण, ग्रामीणों ने की हटाने की मांग



**सीहोर।** खाचरोद के ग्रामीणों की कही सुनवाई नहीं हो रही है। गांव में सरकारी रास्ते पर अतिक्रमण का मामला 20 सालों से बना हुआ है। सरकारी रास्ते पर अतिक्रमण करने वाले दबंग अनुसूचित जाति वर्ग के ग्रामीणों के साथ दुरव्यवहार के साथ मारपीट भी करते हैं। ऐसा नहीं है कि ग्रामीणों के द्वारा कभी कोई शिकायत नहीं की गई हो एसडीएम तहसीलदार पटवारी और पुलिस ग्रामीणों ने सबको परेशानियां बताई है लेकिन कुछ भी कोई सुनने को तैयार नहीं है। थक हारकर ग्रामीण मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्ट्रेट पहुंचे सरकारी रास्ते पर कुछ लोगों के द्वारा किए गए अतिक्रमण हटाए जाने की मांग को लेकर कलेक्टर बाला गुरु जिला पंचायत सीईओ और समस्त प्रशासनिक अधिकारियों को मांग पत्र दिया।

अनुसूचित जाति वर्ग के ग्रामीणों ने बताएं कि हमेशा सड़क से निकलते वक्त विवाद की स्थिति निर्मित होती है हालात ऐसे हैं कि खेतों और आष्टा कन्नौज जाना भी काफी मुश्किल हो गया है । गांव में ट्रैक्टर ट्राली एंबुलेंस हार्वेस्टर फायर ब्रिगेड जैसे वहां भी बड़ी मुश्किल से आते हैं। जिससे काफी परेशानियों का सामना ग्रामीणों को करना पड़ता है। गांव के दीपक रतन सिंह, जगन्नाथ, राजाराम, अमृत, हीरालाल, कृपाल सहित अन्य ग्रामीणों ने तत्काल समस्या का समाधान किए जाने की मांग प्रशासनिक अधिकारियों से की है।

## सिलेक्शन मैच में डीसीए बी ने पांच विकेट से हराया

**सीहोर।** आगामी दिसंबर में विदिशा में जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। इसके लिए भोपाल संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के निर्देश पर एक दिवसीय क्रिकेट ट्रायल का आयोजन शहर के बीएसआई मैदान पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में किया गुरुवार को किया गया। इस मौके पर गुरुवार सुबह बड़ी संख्या में अंडर-1़8 में शामिल होने के इच्छुक खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिला क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से सचिव अतुल तिवारी और वीरु वर्मा सहित चयनकर्ताओं ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया, वहीं मैदान पर अंडर-18 टीम के लिए सिलेक्शन मैच का आयोजन किया गया। इस मैच में डीसीए बी की टीम ने डीसीए ए को पांच विकेट से हराया।

### नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने किया निर्माण कार्य का निरीक्षण

# अप्रैल 2026 में क्षेत्रवासियों को मिलेगी आधुनिक ऑडिटोरियम की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर को आने वाले दिनों में आधुनिक ऑडिटोरियम की सौगात मिलने जा रही है। 50 हजार स्क्वायर फीट में इसे तैयार किया जाएगा जिस पर 4.5 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इसका काम आगामी अप्रैल 2026 कार्य पूर्ण होने जा रहा है। इसके बनने से शहर की प्रतिभाओं को एक व्यवस्थित जगह मिल सकेगी।

अभी जो भी सांस्कृतिक और अन्य आयोजन होते थे उन्हें बेहतर तरीके से करने में परेशानियां आती थीं। करोड़ों रुपए से बनाए जा रहे आडिटोरियम में करीब 500 सीटर की व्यवस्था की जा रही है। इसको लेकर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने यहां पर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और तेजी से कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। सांस्कृतिक और अन्य एक्टिविटी के लिए अभी शहर में टाउन हाल के अलावा कोई दूसरी जगह नहीं थी। इसलिए सभी आयोजन इसी जगह करना पड़ते थे। यह टाउन हॉल काफी पुराना हो चुका है। हालांकि बीच में नगर पालिका ने इसके कायाकल्प पर काफी खर्च भी किया था लेकिन फिर भी यहां पर कई तरह की समस्याएं थीं। सांस्कृतिक कार्यक्रम खासकर गायन के कार्यक्रम इसलिए नहीं हो पाते थे क्योंकि यहां पर सही तरीके से आवाज नहीं सुनाई देती थी। इसके लिए जिस तरह से सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए हॉल को तैयार किया जाता है, उस तरह से यहां पर कुछ नहीं किया गया था। टाउन हाल का कुल रकबा 3 एकड़ है। इसमें अभी आगे टाउन हाल बना है। अब इसे गिरा दिया जाएगा।

इसके पीछे जो जगह खाली पड़ी है वहां पर नया ऑडिटोरियम भवन तैयार किया जाएगा। इसमें 500 लोगों के बैठने की व्यवस्था रहेगी। पीछे की तरफ बनाए जाने से आगे पार्किंग के लिए पर्याप्त जगह रहेगी। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने बताया कि एक माह बाद इसका काम शुरू हो जाएगा।

# स्वामी विवेकानंद कॉलेज में फ्रेशर पार्टी का आयोजन




**सीहोर।** गुरुवार को स्वामी विवेकानन्द कॉलेज ऑफ प्राफेशनल स्टडीज, सीहोर में फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ हरीश राठौर द्वारा माँ सरस्वती एवं स्वामीविवेकानन्द जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात प्राचार्य योगेश शर्मा द्वारा स्वामी विवेकानन्द के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर किया गया।

कार्यक्रम का संचालन सांस्कृति प्रभारी डॉ. नितीका माहेश्वरी एवं अशुतोष शुक्ला ने किया। एवं कार्यक्रम में मार्गदर्शन प्राचार्य योगेश शर्मा ने दिया। श्री शर्मा ने बताया कि हमारे महाविद्यालय में परम्परा अनुसार जुनियर्स छात्रों का सीनियर्स द्वारा फूल और गुलाब देकर उनका सम्मान किया जाता है। फ्रेशर पार्टी में विद्यार्थियों द्वारा कई रंगारंग कार्यक्रम में मनमोहक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के समापन पर मिस्टर फ्रेशर एवं मिस फ्रेशर की घोषणा की गई। जिसमें मिस्टर फ्रेशर अल्फेज़ अख्तर एवं मिस फ्रेशर खुशी मेवाड़ा घोषित किये गये। अन्त में प्राचार्य द्वारा एवं सांस्कृतिक प्रभारी द्वारा सभी स्टाफ सदस्यों का आभार प्रकट किया गया।

एफआईआर कराने समाज के लोग घंटों बैठे रहे ब्यावरा थाने में, किया धार्मिक पाठ

# जिले भर में आईएएस वर्मा का पुतला फूंका, ब्राह्मण समाज ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

आइएएस संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज की बेटियों पर की गई अभद्र टिप्पणी के प्रतिउत्तर में ब्राह्मण समाज ने पीपल चैराहे पर आइएएस वर्मा का पुतला दहन करते हुए नारेबाजी की और सिटी थाने जाकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन एसडीओपी को सौंपा। वहीं नरसिंहगढ़ में भी छतरी चैराहे पर समाज के लोगों ने एकत्रित होकर आईएएस वर्मा का पुतला दहन किया और तहसीलदार विराट अवस्थी व थाना प्रभारी शिवराजसिंह चैहान को ज्ञापन सौंपा। उल्लेखनीय है कि रविवार को आइएएस वर्मा द्वारा भोपाल में आयोजित अजाक्स संगठन के कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज की बेटियों को लेकर आपत्तिजनक बयान दिया है। उस बयान के विरोध में जिलेभर के ब्राह्मण समाज सहित अन्य समाजों में गुस्सा व्याप्त है।



### एफआईआर कराने की मांग को लेकर बैठे धरने पर

पुलिस अधिकारियों को एफआईआर का आवेदन सौंपा कहा कि जब तक एफआईआर नहीं होगी समाज के लोग धरने पर बैठेंगे। धरने पर बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ किया।

इसके बाद एसडीओपी, थाना प्रभारी ने आवेदन को जांच में लेने व एफआईआर करने के लिए समझाया।लेकिन समाज मानने को तैयार नहीं थी। प्रतिनिधिमंडल से बात की। इसके बाद फिर से एसडीएम गोविंद दुबे, एसडीओपी शर्मा व थाना प्रभारी वीरेन्द्र धाकड़ ने जांच कर एफआईआर का आश्वासन दिया। इसके बाद धरना समाप्त किया गया।

### ब्राह्मण समाज ने आईएएस अधिकारी के कथित बयान पर जताया आक्रोश, पुतला दहन कर सौंपा ज्ञापन

सारंगपुर में भी बुधवार को ब्राह्मण समाज सारंगपुर द्वारा स्थानीय परशुराम चैराहे पर आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा के कथित विवादित बयान के विरोध में पुतला दहन किया गया। समाज प्रतिनिधियों ने अनुविभागीय अधिकारी रोहित बम्होरे को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर उक्त टिप्पणी पर कड़ा विरोध दर्ज कराया तथा कार्रवाई की मांग।

### पुतला दहन कर एफआईआर और बर्खास्तगी की मांग की

नरसिंहगढ़ में ब्राह्मण समाज की बेटियों एवं समाज की मर्यादा पर आईएएस संतोष वर्मा द्वारा की गई अत्यंत आपत्तिजनक एवं भड़काऊ टिप्पणी के विरोध में आज नरसिंहगढ़ में ब्राह्मण समाज के बैनर तले जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। छतरी चैराहे पर समाजजन बड़ी संख्या में एकत्र हुए, जहाँ संतोष वर्मा का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया गया। समाज के सदस्यों ने इस आक्रोशपूर्ण घटना के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए आरोपी अधिकारी पर कठोर कार्रवाई की मांग की।

### एफआईआर की मांग पर अड़े समाजजन

ब्रहामण समाज की बेटियों के बारे में कथित रूप से अपमानजनक बयान देने वाले आईएएस संतोष वर्मा के खिलाफ राजगढ़ मुख्यालय पर ब्रहामण समाज ने प्रदर्शन किया। इस दौरान समाजजनों सहित अन्य द्वारा न केवल वर्मा का पुतला दहन किया गया बल्कि सभी एकत्रित होकर थाने पहुंचे और आईएएस वर्मा पर एफआईआर दर्ज करने की मांग रखी। इसके पूर्व समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि सिविल सर्विसेज से जुड़े अधिकारी द्वारा बेटियों के लिए कहे शब्दों से न केवल बेटियों बल्कि सभी मातृ-शक्तियों की भावनाएं व सम्मान आहत हुआ है। ऐसे अधिकारी को सरकार और शासन को पद से पृथक कर देना चाहिए। पदाधिकारियों ने कहा कि आईएएस वर्मा की प्रवृत्ति पूर्व से आपराधिक रही है। मुख्यमंत्री को यह बात संज्ञान में लेकर उन्हें निलंबित या पद से पृथक करने का प्रस्ताव भारत सरकार को भिजवाना चाहिए।

जिला पंचायत सीईओ ने किया था आकस्मिक निरीक्षण

# चार विभागों के औचक निरीक्षण में नदारद मिले 38 कर्मचारी

**राजगढ़।** जिले के विभिन्न सरकारी महकमों में कर्मचारियों के लेट पहुंचने की लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिला पंचायत सीईओ श्री इच्छित गढ़पाले ने बुधवार सुबह चार विभागों जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय, जनपद पंचायत, डीपीसी कार्यालय एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा दफ्तर का औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान सभी चारों विभागों को मिलाकर कुल 38 कर्मचारी निर्धारित कार्यालयीन समय पर ऑफिस से नदारत पाए गए। इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए सीईओ श्री गढ़पाले द्वारा सभी 38 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने एवं कुछ का आधे दिन का वेतन काटने के निर्देश प्रदान किए गए हैं।



### कहां, कौन मिला अनुपस्थित?

सीईओ गढ़पाले सुबह 10.40 पर डीपीसी कार्यालय पहुंचे। यहां ओपी नामदेव, प्रवीण सक्सेना, नीरज व्यास, राजेश तोमर, रवि खरे, विभूति दुबे, फरीदा कुरेशी, गफूर खान, लक्ष्मीनारायण, धीरप सिंह एवं कोमल पांडे दफ्तर से नदारत मिले। इसी तरह जनपद पंचायत कार्यालय राजगढ़ के निरीक्षण में दीपक यादव, नीलम लोधी, रामचंद्र सरावत, उपयंत्री अमित तिवारी, बलवीर सिंह, राखी श्रीवास्तव, महेश मालवीय, संतोष कोले उपस्थित नहीं मिले। जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय के निरीक्षण में प्रदीप शर्मा, महेंद्र परमार, भूपेंद्र सिंह, यशपाल हाड़ा, जीतेंद्र वर्मा, टीना गुप्ता, रोहित शाक्य, राजेश विजयवर्गीय, राजू सेन, दिलीप सांकला, मोहम्मद जाकिर निर्धारित समय पर दफ्तर में नहीं पाए गए। इसी तरह ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के निरीक्षण के दौरान राकेश भील, कपिल शाक्य, बादल मेवाड़े, नैना सोनी व अन्य कार्यालय में अनुपस्थित पाए गए। उक्त सभी कर्मचारी अपनी-अपनी शाखाओं में विभिन्न दायित्वों का निवर्हन करते हैं।

## आप लोगों से चर्चा कर संगठन को मजबूत बनाना है : टेलर

**कुरावर।** गुरुवार को सुबह भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर का नगर में प्रथम आगमन पर विधायक मोहन शर्मा के नेतृत्व में भाजपा नेता व कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी ढोल धमाकों सहित पुष्प वर्षा कर आत्मीय स्वागत किया।

नगर में विधायक मोहन शर्मा एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ दिनेश मंडलोई ने उन्हें साफा व पुष्प माला पहनकर मंगल तिलक लगाया तथा उनकी नव नियुक्ति पर बधाई दी। इसके पश्चात नगर के भाजपा नेता अनिल माहेश्वरी के निवास पर नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष टेलर का स्वागत हुआ। इस अवसर पर टेलर ने कहा कि आज समय काम है मैं वापस आऊंगा मुझे आप लोगों से चर्चा करनी है संगठन को और अधिक मजबूत बनाना है। नगर परिषद कार्यालय में भी नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष टेलर का स्वागत किया गया जहाँ बाला प्रसाद चंद्रवंशी सहित समस्त पार्षदों ने स्वागत किया। तत्पश्चात टेलर शाजापुर के लिए निकल गए।



इस अवसर पर मंडल महामंत्री रामेश्वर नायक, राधेश्याम पचवारिया, ब्रजकिशोर मीणा, कैलाशराज, लक्ष्मण सिंह राणा, मोती सिंह बिलहरी, महेश भावसार, सुरेश गोयल, गोपाल मीणा, जितेंद्र सेन, कपिल चंद्रवंशी, पारस सक्सेना, रामचंद्र चंद्रवंशी, रितेश मंडलोई आदि उपस्थित थे।

## भाजपा ने मनाया संविधान दिवस, बाबा साहेब की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**ब्यावरा।** आज पुराने बस स्टैंड पर बाबा साहेब की मूर्ति पर भाजपा मंडल द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के संविधान दिवस पर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और पुष्प वर्षा की गई इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष राजू यादव के नेतृत्व में ने बताया कि 1949 को आज ही के दिन हमारे संविधान को स्वीकृति मिली थी, और 26 नवंबर 1949 लागू किया गया और तभी से भारत का संविधान ही वह शक्ति है जिसने देश की विविधता को एकता में समाहित किया है।आइये आज हम सब मिलकर संकल्प लें कि इस संविधान का पालन करते हुए देश की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण बनाये रखने का सदैव प्रयास करते रहेंगे। नगर पालिका परिषद के वरिष्ठ पार्षद गोपाल जाटव ने कहा कि हमारे संविधान के करण ही आज के युवाओं को जिम्मेदारी और गर्व से प्रेरित करने से लोकतांत्रिक मूल्य और देश का भविष्य मजबूत होगा। इस महान देश के नागरिक के तौर पर अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करने का वादा फिर से हम करें, और इस तरह एक विकसित और मजबूत भारत बनाने में अहम योगदान हम सबका हो।



## संविधान दिवस पर विधायक मोहन शर्मा ने कहा- भाजपा ने संविधान मजबूत करने का काम किया



**कुरावर।** नगर में बुधवार को सुबह नगर परिषद परिसर में संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक मोहनशर्मा ने कहा कि जब देश एवं प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी तब जगह-जगह बम विस्फोट होते थे सरकार के अनुसार संविधान चलते थे लेकिन अब संविधान के अनुसार सरकारी चल रही हैं। जब से देश एवं प्रदेश में भाजपा सरकार आई है संविधान और मजबूत बनाने का प्रयास किया है, लोकतंत्र मजबूत हुआ है। उन्होंने उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों भाजपा नेता व कार्यकर्ताओं को संविधान की शपथ भी दिलाई। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य बाला प्रसाद चन्द्रवंश, नगर पालिका अधिकारी लीलाधर सेन, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉक्टर दिनेश मंडलोई, मंडल महामंत्री रामेश्वर नायक, राधेश्याम पचवारिया, अशोक मीणा, भोलू मीणा, सुनील मीणा, रवि मीणा, ओम शर्मा, भूरा मीणा, जितेंद्र सेन, कपिल चंद्रवंशी, पारस सक्सेना, रामचंद्र चंद्रवंशी, रितेश मंडलोई आदि।

पहले मृतका का शव अस्पताल से लेकर भाग निकले, पुलिस के दखल के बाद दोबारा शव लेकर मर्चुरी पहुंचे जैन परिवार

# आरती का पिता बोला - खेत से उठाकर ले गए बेटी को, 19 घंटे बाद हुआ पीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

सहरिया जनजाति की बेटी को यूपी ललितपुर के गांव बिनेकापुर से खेत पर काम करते उठाकर लाने के आरोप लड़की के पिता रामदास ने फोन पर मीडिया को बताए। उन्होंने बोला कि मेरी बेटी खेत पर काम कर रही थी तो जैत अग्रवाल एवं अंतिमा उसे उठाकर अपने साथ ले गए। इतना जरूर बताते हैं कि शादी की बात चल रही थी परंतु शादी का तारीख तय नहीं हुई थी। उधर जैन परिवार का कहना है कि हमने शादी के कार्ड छपवा लिए थे जिसे थाने में भी दे दिया गया है ।

जैन परिवार के करीबी संजय शर्मा ने हरिभूमि के कार्यालय में आकर जो शादी का कार्ड दिखाया उसमें 30 नवंबर 25 को शादी होना बताया जा रहा है ऐसे में जब लड़की के पिता को पता ही नहीं है तो फिर कार्ड की उपयोगिता कितनी मानी जानी चाहिए। उधर लड़की को ललितपुर से लेकर आने वाले जैत व अंतिमा को चंदेरी से सोनू जैन मिला जिसकी छोटे भाई से शादी होना बताया जा रहा है। प्रश्न यह है कि कैसे सहरिया जनजाति की लड़की से जैन समुदाय शादी कर रहा था? फिर उसको उठाकर क्यों लाया जा रहा था?चंदेरी में सोनू जैन कैसे मिला? फिर उसकी तबियत यकायक कैसे खराब हुई और ब्यावरा आते आते उसकी मौत हो गई। जिसे सिविल अस्पताल में लाने पर उसे डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया था, जिसके बाद उसको लेकर आने वाले लोगों ने डॉक्टर को गुस्सा दिखाना चालू कर दिया और बिना कुछ बताए ही आरती को अन्य जगह इलाज के लिए डॉक्टर से बोलने लगे, और 108 पर कॉल कर दिया जब समय पर 108 नहीं पहुंची तो आरती के साथ मौजूद लोग उसे निजी सफेद कलर की टवेरा वाहन में लेकर भाग खड़े हुए।



### ड्यूटी डॉक्टर ने दी पुलिस को सूचना

जब ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर लखन दांगी को मामला संदिग्ध स्थिति में लगा। और परिजनों की हड़बड़ाहट से उनको पूरा शक हो गया। जिसके तुरंत बाद उन्होंने देहात थाना पुलिस को पूरी सूचना दी गई। जिसके बाद पुलिस ने तत्परता दिखते हुए जैसे तैसे गाड़ी में मौजूद जैन परिवार के लोगों से संपर्क कर दोबारा शव अस्पताल लाने को कहां। जब साथ में मौजूद लोगों ने आना कानी करने की कोशिश की तो पुलिस ने उनके खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही, तब जाकर वहां अस्पताल पहुंचे और शव को रात 2 बजे के लगभग शवगृह में रखवा दिया गया।

### शव को मर्चुरी में रखने के बाद शुजालपुर के जैन परिवार को होने का ऐसे खुलासा हुआ

जब इस मामले में पुलिस ने तहकीकात शुरू की तो पता चला कि शुजालपुर निवासी जैन परिवार आरती को लेकर उत्तरप्रदेश के ललितपुर जिले के विनेकामाफी गांव से शादी के लिए लेकर आ रहे थे। लड़की के साथ उसका कोई भी परिजन मौजूद नहीं था। ललितपुर से निकलने के बाद आरती की तबीयत लगातार बिगड़ती ही जा रही थी। तब जाकर जैन परिवार के लोगों ने उसका औपचारिक इलाज चंदेरी में किए जाने की बात कर रहे थे। चंदेरी से निकलने के बाद ब्यावरा पहुंचने के पहले ही आरती की मौत हो चुकी थी। मृत अवस्था में ही जैन परिवार दिखवा करने ओर मृत्यु का राज छिपाने के लिए उसे सिविल अस्पताल ब्यावरा लेकर पहुंचे थे।

### 19 घंटे बाद क्यों हुआ आरती का पीएम

मृत शव को मर्चुरी में रखवाने के बाद थाने चली गई, 25 तारीख को जब उसके परिजन दिन के 11 बजे के लगभग ब्यावरा पहुंचे। जहां पर दोनों पक्षों को लेकर देहात थाने ब्यावरा में पदस्थ एएसआई लाखन सिंह दिन भर उलझे रहे। उसके बाद शाम 5 बजे के बाद यानी लगभग 19 घंटे बाद डॉक्टर तरुणिमा पटेल ने आरती का पोस्टमार्टम किया। उसके बाद शव को आरती के परिजन ललितपुर लेकर रवाना हो गए। लेकिन जैन परिवार के लोग ब्यावरा शवगृह के पास पुलिस के साथ मौजूद थे। जैसे ही रात 7रू30 बजे के लगभग मीडिया के कुछ लोग शवगृह के सामने पहुंचे तो आरती के परिजन तो वहां नहीं मिल पाएं लेकिन जैन परिवार के लोग वही मौजूद थे। जैसे ही मीडिया ने उनसे पूछना शुरू किया तो भाग निकले।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया

## 15 घंटे से लापता महिला का शव नेवज नदी में उतराता मिला

**राजगढ़।** नगर के जय स्तंभ चैक के ठीक सामने निवासरत 53 वर्षीय विवाहिता महिला का शव नेवज नदी के बड़े पुल में उतराता मिला है। मृतिका बीते करीब 15 घंटे से लापता थी एवं परिजनों द्वारा थाने में गुमशुदगी भी दर्ज करवाई गई थी।

बुधवार सुबह करीब 6 बजे नदी के आसपास से गुजर रहे लोगों ने इस बात की सूचना पुलिस को दी। जानकारी के अनुसार ममता पत्नी गिर्राज गुरगेला उम्र करीब 53 वर्ष मंगलवार दोपहर घर में बगैर किसी को कुछ बताए अचानक कहीं चली गई। पति और पुत्र कैलाश द्वारा पड़ोस सहित रिश्तेदारों के यहां उनकी पता लगवाया गया लेकिन वे नहीं मिली। देर शाम परिजनों द्वारा कोतवाली थाने पहुंचकर उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई गई। बुधवार सुबह करीब 6 बजे नेवज नदी के पुराने बड़े पुल के नीचे आसपास से गुजर रहे लोगों ने किसी महिला का शव नदी में उतराता देखा और पुलिस को इस बात की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस और नपा की टीम ने शव को नदी से निकालकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।



वन विभाग के द्वारा करवाया गया प्रतियोगिता का आयोजन

# जैव विवधता को लेकर हुई क्विज आयोजित, पुरस्कृत हुए होनहार




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

वन विभाग से जुड़े राज्य जैव विवधता बोर्ड के तत्वावधान में स्थानीय उत्कृष्ट विद्यालय में जैव विविधता पर जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों की कई टीमें सम्मिलित हुईं। अंत में विजेता टीमों को विभाग द्वारा प्रमाण-पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान कर पुरस्कृत किया गया।

क्विज में शामिल शासकीय हाईस्कूल पाडलियाखेड़ी की टीम में शामिल स्वयंप्रकाश, नरेंद्र एवं अभिषेक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी तरह शासकीय मॉडल उमावि नरसिंहगढ़ की टीम में शामिल कुमारी शीतल, कुमारी वंदना एवं कुमारी लक्ष्मी द्वितीय स्थान पर रहीं। सांदीपनी विद्यालय जीरापुर की टीम के पुष्पेंद्र, हरिओम एवं मोहित तृतीय स्थान पर रहे।

विजेता टीमों को डीएफओ बेनीप्रसादा दोतानिया, उप मंडल अधिकारी दिनेश यादव, रेंज ऑफिसर शिवकुमार चैहान, रेंजर गुलाब सिंह द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर वनपाल राजू गुर्जर, लाखन सिंह चैहान, हेमराज कुशवाह, भानु प्रताप खिंची, क्विज समन्वयक राधेश्याम पुरवैया, कमल चैहान, शिक्षिका दीपा, प्राचार्य महेश गुप्ता सहित अन्य उपस्थित रहे।

विभाग के अधीक्षण यंत्री के निवास पर लगाया गया पहला स्मार्ट मीटर, घर-घर में लगाने की कवायद

# राजगढ़ नगर के हर उपभोक्ता के घर आज से लगेंगे स्मार्ट मीटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

विद्युत वितरण कंपनी द्वारा आगामी एक-दो दिन में राजगढ़ नगर के प्रत्येक घर में स्मार्ट मीटर लगाने की शुरूआत करने जा रही है। कंपनी द्वारा इसके कार्य के लिए नगर की कुछ कॉलोनियों में भी सर्वे किया जा चुका है। विभाग ने बुधवार को पहला घरैलू स्मार्ट मीटर विद्युत विभाग के अधीक्षण यंत्री सुनील खरे के निवास पर लगाते हुए इसकी शुरूआत की। उल्लेखनीय है कि राजगढ़ नगर में करीब 9 हजार 500 घरैलू बिजली कनेक्शन हैं। इन सभी घरैलू कनेक्शन पर विद्युत वितरण कंपनी पुराने मीटरों को हटाकर नए स्मार्ट मीटर लगाने जा रही है।

बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा इस कदम को बिजली उपभोक्ताओं के लिए फायदेमंद बताया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि स्मार्ट मीटरों को लगाए जाने के संबंध में गुना सहित प्रदेश के अन्य जिलों में व्यापक स्तर पर विरोध प्रदर्शन हो चुके हैं। कहीं-कहीं तो बिजली कंपनी को स्मार्ट मीटर लगाने के लिए अपने कदम से पीछे भी करने पड़े थे।

### शिवधाम कॉलोनी, गिरनार कॉलोनी में हुआ सर्वे



सूत्रों के मुताबिक विद्युत विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर लगाए जाने के संबंध में नगर की शिवधाम कॉलोनी एवं गिरनार कॉलोनी में सर्वे भी किया जा चुका है। इस सर्वे के उपरान्त कल बुधवार को पहला स्मार्ट मीटर एसई के निवास पर लगाया गया है।

### विभाग बता रहा यह फायदे

विद्युत वितरण कंपनी राजगढ़ शहर के कनिष्ठ यंत्री शिवांश त्रिपाठी से स्मार्ट मीटर के संबंध में बात करने पर उनका कहना था कि स्मार्ट मीटर लगाने के कई फायदे हैं। मीटर की रीडिंग सीधे कंपनी के डेटा सेंटर/कन्ट्रोल रूम में पहुंच जाया करेगी। मीटर रीडर को रीडिंग लेने नहीं आना पड़ेगा। ऐसे में हर महीने एक या 2 तारीख को बिल जनरेट हो जाया करेगा। उपभोक्ताओं को शिकायत रहती है कि उनके बिल की रीडिंग कभी किस दिनांक तो कभी फलाने दिनांक को ली जा रही है, यह समस्या स्मार्ट लगने के बाद खत्म हो जाएगी।

### शासकीय दफ्तरों में पूर्व से लगाए जा चुके हैं ये मीटर

आपके बतादें कि कंपनी की गाईड लाईन के मुताबिक राजगढ़ के सभी सरकारी कार्यालयों, विभागों में पूर्व से स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। अब कंपनी आमजनों के घरों में स्मार्ट मीटर लगाने की शुरूआत करने जा रही है।

### स्मार्ट मीटर लगाना शुरू

हां, यह सही है राजगढ़ नगर के सभी घरैलू उपभोक्ताओं के यहां आगामी एक-दो दिन में हम स्मार्ट मीटर लगाना शुरू करने जा रहे हैं। स्मार्ट मीटर के बहुत लाभ हैं परन्तु कुछ गलतफहमियों के वजह से लोग समझ नहीं पाते।

- शिवांश त्रिपाठी,
जूनियर इंजीनियर, राजगढ़ टाउन

## खबर संक्षेप

### अभिभाषक संघ ने उठाई निष्पक्ष जांच की मांग

**देवास।** जिला अभिभाषक संघ देवास ने अपने सदस्य अधिवक्ता दिलराज गौड़ के साथ हुए कथित अभद्र व्यवहार और उन पर दर्ज की गई एफआईआर को असत्य बताते हुए पुलिस अधीक्षक आवेदन देकर निष्पक्ष जांच की मांग की है। अभिभाषक संघ अध्यक्ष अशोक वर्मा द्वारा पुलिस अधीक्षक को भेजे गए पत्र में उल्लेख किया गया है कि अधिवक्ता दिलराज गौड़ अपने पक्षकार के साथ हुई मारपीट की घटना की रिपोर्ट कराने भौरासा थाने पहुंचे थे। वहाँ उपस्थित पुलिसकर्मी से रिपोर्ट लिखने का निवेदन किया गया, तभी घटना के आरोपियों की सूचना मिलते ही अधिवक्ता गौड़ के साथ कथित रूप से अभद्र व्यवहार किया गया। संघ का कहना है कि अधिवक्ता गौड़ पर जो अपराध पंजीबद्ध किया गया है, वह तथ्यों के विपरीत है। घटना स्थल से उपलब्ध कराए गए साक्ष्यों में भी यह स्पष्ट होता है कि वे उक्त घटना में आरोपी नहीं थे।

### मोबाइल को लेकर मां, बेटी के साथ की मारपीट

**चापड़ा।** कमलापुर थाना अंतर्गत ग्राम आगुर्ली में कार से आए एक महिला और तीन युवकों ने मोबाइल की बात को लेकर बाइक से जा रही मां और बेटी का रास्ता रोक कर मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी अनुसार कमलापुर पुलिस ने बताया कि देवास्या निवासी फरियादी चमेली बाई पति दिलीप जाती कोरकू ने शिकायत करते हुए बताया कि 15 दिन पूर्व में बड़ी चौराहे से अपने गांव देवास्य जाने के लिए खड़ी थी लेकिन गांव जाने के लिए कोई वाहन नहीं मिला। इस दौरान गांव के परिचित व्यक्ति कार लेकर पहुंचा और बोला में गांव जा रहा हूं, में भी गांव जाने के लिए उसकी कार में बैठकर गांव चली गई। इसी दौरान मेरा मोबाइल गाड़ी के अंदर छुट गया। घर जाकर देखा तो मोबाइल नहीं मिलने पर मैंने अपने फोन पर फोन लगाकर पूछा तो बताया कि फोन घर आकर ले जाना लेकिन मेरा फोन कई बार फोन लगाने के बाद भी नहीं दिया। बुधवार को परिचित व्यक्ति की बाइक से में और मेरी मां रुक्मणी बाई बड़ी चौराहा की ओर आ रहे थे तभी आकाश, विकास, सचिन और उनकी मां कस्तुरी बाई कार से आए और आगुर्ली गांव में रास्ता रोककर मोबाइल को लेकर मेरे साथ मारपीट की। मेरी मां बीच बचाव करने आई तो उसके सिर में पर भी लोहे की राड से मारपीट की।

### दुग्ध संघ ने मामा का फर्ज निभाकर निभाई मायरे की परंपरा

# किसान की बेटी को नगद राशि के साथ-श्रीफल और मिठाइयों से भरे थाल सौंपे

### समिति के लोगों ने परंपरा के अनुसार कन्या के परिजनों को ओढ़ाई पेरावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जिस तरह से प्रदेश की बेटियों के लिए मामा बन कर कन्या दान योजना सहित कई योजनाएं शुरू की थी उसी तरह भोपाल दुग्ध संघ ने भी समिति से जुड़े हुए लोगों के लिए भोपाल दुग्ध संघ ने मायरा (भात) योजना मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर शुरू की है। इस योजना के तहत दुग्ध संघ से जुड़े परिवारों के यहां होने वाले विवाह आयोजनों में दुग्ध संघ के अधिकारी और सदस्य शामिल होकर मामा का फर्ज निभाते हुए विवाह के एक दिन पूर्व मायरा (भात) परंपरा को निभा रहे है। इसी के तहत गुरुवार को सहकारी दुग्ध समिति के ग्राम कचनारिया निवासी किसान कैलाश बरेठा की पुत्री निकिता बरेठा के विवाह मंडप कार्यक्रम में भोपाल दुग्ध संघ के पदाधिकारी और समिति के सदस्य शामिल हुए। जहां पर समिति के जिला नोडल अधिकारी कृपाल सिंह दुगरिया, पर्यवेक्षक मूलचंद वर्मा, पर्यवेक्षक पंकज गौर, गोविंद शर्मा, मुंगावली समिति के सचिव जगदीश वर्मा, धनखेडी समिति सचिव मनोहर वर्मा, दुग्ध समिति कचनारिया के अध्यक्ष दिनेश राठौर, सचिव मुकेश कुमार बरेठा मामा के रूप मे भांजी कि शादी में उपस्थित हुए। मायरा योजना के तहत परंपरा निभाते हुए 11000 रुपए की नगद राशि, मायरा, फल माला और मिठाई, वस्त्र भेट कर रस्म निभाई। इस दौरान जिला नोडल अधिकारी कृपाल सिंह दुगरिया ने वैवाहिक जीवन मंगलमय होने की शुभकामनाएं देते हुए कहा दुग्ध संघ हमेशा अपने सदस्यों को उच्चतम क्रय दर के साथ, उनके दुख व सुख में हमेशा साथ खड़े होने की भावना से सदस्य सहायता योजना, और सांची भात मायरा योजना का लाभ अपने सदस्यों को पहुंचा रहा हैं। कहा कि हमारी बेटियों के परिवार का सांची दुग्ध संघ से जनम-जनम का नाता भी जुड़ जाता है। सांची मायरा हमारी बेटियों के लिए उपहार नहीं है बल्कि सांची से हमारा और हमारी बेटियों के परिवार को भी जोड़ने वाला एक अटूट बंधन है। सांची भात मायरा योजना का लाभ प्राप्त करने पर ग्राम कचनारिया के किसान कैलाश बरेठा और पारिवारिक सदस्यों ने भोपाल दुग्ध संघ के अधिकारियों और सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में दुग्ध संघ से जुड़े किसान और ग्रामीण उपस्थित थे।



# एनएसयूआई ने पोर्टल शुरू करने दिया ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

एनएसयुआई द्वारा शहीद भगत सिंह महाविद्यालय में अंशु ठाकुर एन एस यु आई प्रदेश सचिव के नेतृत्व में नामांकन पोर्टल चालू कराने के विषय में महाविद्यालय प्राचार्य को ज्ञापन दिया। ज्ञापन प्रभारी प्राचार्य भास्कर परमार ने लिया वही संगठन से दीपक गोस्वामी ने बताया कि नामांकन की अंतिम तिथि 8 दिसंबर है जो कि नजदीक है लेकिन महाविद्यालय द्वारा अभी तक छात्रों को कोई सूचना भी नहीं दी और ना ही कोई लिखित लेटर जारी किया।

इसे आज दिनांक में तत्काल जारी करें और बच्चों को सूचित करें यदि किसी कारण वश बच्चों की लेट फीस न लगे या कोई बच्चा एग्जाम से वंचित न रह जाए भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन मांग करता है कि इसे आज तत्काल प्रभाव से चालू नहीं किया तो महाविद्यालय में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन उग्र आंदोलन करेगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी महाविद्यालय प्रशासन की रहेगी।

ज्ञापन का वाचन नितेश ठाकुर द्वारा किया। इनमें दिगराज ठाकुर, जोगेंद्र ठाकुर, शिवानी, मेघा, विशाल गोस्वामी , अरुण ठाकुर, दीपक गोस्वामी,कौशल पटवारी, पूजा आदि उपस्थित रहे।


### कन्या शिक्षा परिसर में मनाया संविधान दिवस

**सीहोर।** सूर्या फाउंडेशन द्वारा संचालित कन्या शिक्षा परिसर, सीहोर में संविधान दिवस गरिमामय ढंग से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई। तत्पश्चात भारत के संविधान की पुस्तक पर अतिथियों द्वारा पुष्प अर्पित कर, सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के उप प्रबंधक संदीप मौर्य उपस्थित रहे।

# महापुरुषों के विचारों को अपना कर ही हम स्वतंत्र हुए थेः जीतू पटवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

हमारे भारत को अंग्रेजों , राजा महाराजों और नवाबों के राज से मुक्ति कांग्रेस ने सत्य, अहिंसा,सद्भाव, सहकार,समानता जैसे प्राकृतिक विचार अपना कर दिलाई। महान नेताओं की अगुवाई में लंबा संघर्ष किया जिसमें कई क्रांतिकारियों को शहीद भी होना पड़ा और महात्मा गांधी के नेतृत्व में देश स्वतंत्र हुआ। अंग्रेजों और राजा महाराजाओं तथा नवाबों के शासन से मुक्ति मिली । वर्तमान में सत्ताधारी दल संवैधानिक संस्थाओं की स्वतंत्रता समाप्त कर प्रशासन को एक पक्षीय बना कर डर और अफवाहों के बल पर चुनावों को प्रभावित कर सत्तासीन है। देश की लोकतांत्रिक परम्पराओ को ध्वस्त किया जा रहा है । आज हमे स्वतंत्र चेतना को स्थापित कर महापुरुषों तथा प्रमाणित धर्म ग्रंथों के सद विचारो को इस ऊहापोह भरे वातावरण अपना कर तथा देश और प्रदेशों में प्रेम, समानता के सद्विचारों के आधार पर आगे बढ़ना है और भाजपा की अलोकतांत्रिक सरकारों को हटा कर कांग्रेस की सरकारें स्थापित करने हेतु वचन बद्ध होकर संघर्ष करना है। इस आशय के विचार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कार्यकर्ताओ के बीच व्यक्त किये। पूर्व नपाध्यक्ष एवं प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी सदस्य कैलाश परमार ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी को स्वामी विवेकानंद जी के विचारों की पुस्तक पावर आफ माइंड भेंट की। जीतू पटवारी ने कहा कि कांग्रेस की बुनियाद ही संस्कृति साहित्य और समतामूलक समाज की अवधारणाओं से बनी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने सक्रियता और संघर्ष को अपनाने पर जोर दिया।



# विधिक साक्षरता शिविर में विद्यार्थियों को दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीहोर के निर्देशन और विजय डांगी, द्वितीय जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति, आष्टा के मार्गदर्शन में ऋचा जैन, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी के द्वारा 26 नवम्बर को संविधान दिवस के उपलक्ष्य में शहीद भगत सिंह हायर सेकेंडरी स्कूल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

इसमें श्रीमती जैन द्वारा कानूनों की जानकारी दी गई साथ ही संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। उक्त शिविर में डायरेक्टर भोलू सिंह ठाकुर और छात्र-छात्राएं उपस्थित रही। अंत में प्राचार्य रीना ठाकुर द्वारा आभार व्यक्त किया गया।



# अभिभाषकों ने कन्नौद रोड पर लगातार बढ़ रहे अतिक्रमण को हटाने के संबंध में सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

अभिभाषक संघ आष्टा के अध्यक्ष कृपालसिंह ठाकुर के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन द्वारा अनुविभागी अधिकारी राजस्व के माध्यम से तहसीलदार रामलाल पगारे को सौंपा। ज्ञापन में आष्टा नगर के कन्नौद रोड मार्ग पर अतिक्रमण हटाने एवं ट्राफिक व्यवस्था दुरूस्त करने के संबंध में अपनी मांग रखी, साथ ही बताया कि नगर के कन्नौद रोड जो कि भोपाल नाके से लेकर शाकसीय महाविद्यालय उक्त मार्ग पर कई दुकानदारो एवं ठेले वालो ने अपने व्यवसाय की जगह पर सामाग्री मेन रोड तक रख रखी है।

कन्नौद रोड पर कृषि उपज मंडी में भारी आवक के चलते कई वाहन घंटो तक रोड पर खडे रहते है जिनसे जाम की स्थिति निर्मित होती है, वही वाहनो से निकलने वाले धुओं से पर्यावरण भी दुषित होता है। उक्त मार्ग पर ही तहसील न्यायालय व सिविल न्यायालय भी स्थित है। जिससे न्यायालीन कार्यो में व्यवधान पैदा होता है तथा इस रोड पर निजि एवं शासकीय विद्यालय, बैक शाखाएं भी स्थित है। जिसके चलते संपूर्ण कन्नौद रोड पर काफी संख्या में ट्राफिक रहता है। अकसर जाम लगने से दुर्घटनाएं भी होती रहती है।

इस संबंध में कई बार प्रशासन एवं नगरपालिका को भी अवगत कराया जा चुका है। परंतु अभी तक कोई ठोस कार्यवाही नही हो पाई है। ज्ञापन के माध्यम से अभिभाषक संघ ने अपील की है कि जल्द से जल्द उक्त रोड का अतिक्रमण संपूर्ण रूप से हटाया जावे साथ ही ट्राफिक व्यवस्था को सही किया जावे। ज्ञापन देने वालो में अभिभाषक संघ आष्टा पूर्व अध्यक्ष विजेन्द्रसिंह ठाकुर, सचिव सीताराम परमार, देवेन्द्रसिंह ठाकुर, सोभाग्यसिंह ठाकुर, योगेन्द्रसिंह भाटी, राधाकृष्ण धांरवा, एम.पी.शुक्ला, छगनलाल चंद्रवंशी, सी.के. जैन, बाबूलाल परमार, विक्रम मालवीय, विक्रम चैहान, सैयद जावेद अली, मशकुर अली, हनिफ खान, हनिफ अंसारी, विरेन्द्र तिवारी, अजय कटारिया, अब्दुल बाहव, देवकरण धनवाल, रघुवीरसिंह ठाकुर, रामेश्वर पाल, जयपाल भाटी, जितेन्द्र ठाकुर, विजेन्द्रसिंह ठाकुर, गोकुल कुशवाह सहित अधिवक्ता उपस्थित रहे।



# मॉडर्न स्कूल के छात्र-छात्राओं का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

संस्था मॉडर्न पब्लिक हा.से. स्कूल में रांगोली व मॉडल प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण कार्यक्रम किया गया। प्रतियोगिता मे प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाले विद्यार्थीयों को सील्ड, मेडल व प्रमाण पत्र वितरित किए। रांगोली प्रतियोगिता में मन्सवी कुषवाहा व वैदिका अजनोटिया प्रथम पुरस्कार, मोनिका परमार, साक्षी मालवीय, लक्ष्मी बरेला द्वितीय पुरस्कार, अर्पिता परमार, राधिका नागदा तृतीय पुरस्कार, साइंस प्रतियोगिता नॉन वर्किंग में स्वराली सिंदे प्रथम पुरस्कार, प्रीत कुषवाह द्वितीय पुरस्कार, योगिता गडारीया तृतीय पुरस्कार, साइंस प्रतियोगिता वर्किंग में वैदिका अजनोटिया प्रथम पुरस्कार, विवान चौरसिया, साद अहमद द्वितीय पुरस्कार, मनसवी कुशवाह, दृष्टि चौहान तृतीय पुरस्कार संचालक मंडल के सभी सदस्यो व शिक्षकों ने बधाई देते हुए छात्र/छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। संचालक मंडल व शाला परिवार के मार्ग दर्शक एसएल परमार, केएल परमार, बीएस ठाकुर व समिति अध्यक्ष अभिषेक परमार, प्राचार्य शैलेन्द्र सिंह ठाकुर, उपप्राचार्य विकास चौरसिया, बीएल मालवीय, रवि पाठक, राजेश बड़ोदिया, रजत धारवा, संदीप ठाकुर, ईषा जैन, पायल ठाकुर, पूजा ठाकुर सना अली, अपेक्षा पोरवाल, तेजू मेवाड़ा, विधि चौहान, आयुषी जैन, लक्ष्मी चौरसिया, ज्योति राजपूत, इतिका चौहान, प्रतिभा तौमर, निर्मला सारसिया, करिष्मा चौपड़ा, अंजली चौरसिया, नीता सक्सेना, आदि।



### संविधान दिवस पर वन स्टॉप सेंटर ने जागरुकता कार्यक्रम आयोजन किया

# कलेक्टर कार्यालय में उद्देशिका का सामूहिक वाचन





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

संविधान दिवस के अवसर पर कलेक्टर कार्यालय में संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन किया गया। संविधान दिवस के अवसर पर अधिकारी-कर्मचारियों को संविधान के प्रावधानों का पालन करते हुए राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्पित होकर कार्य करने संबंधी संकल्प दिलाया गया। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर अभिषेक शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। सभी ने संविधान में निहित आदर्शों और कर्तव्यों का पालन करने का संकल्प लिया। उल्लेखनीय है कि भारतीय संविधान को 26 नवम्बर 1949 को अंगीकृत किया गया था। संविधान को अपनाने के दिन को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है।

**जागरुकता कार्यक्रम आयोजित** वन स्टॉप सेंटर एवं हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन द्वारा संविधान दिवस के उपलक्ष्य में सेंट थॉम एकेडमी देवास में एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में संवैधानिक मूल्यों, नागरिको के अधिकारों, कर्तव्यों, महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा से संबंधित सेवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा छात्र-छात्राओं को बाल विवाह निषेध अधिनियम, 181 महिला हेल्पलाइन तथा वन स्टॉप सेंटर में उपलब्ध प्रमुख सेवाओं—पुलिस सहायता, विधिक परामर्श, मनोवैज्ञानिक सहयोग, अस्थायी आश्रय के विषय में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में साइबर बुलिंग, फिशिंग, फेक प्रोफाइल, ऑनलाइन ठगी के संदर्भ में जागरूक किया। इस दौरान डिजिटल माध्यमों के सुरक्षित उपयोग, व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा तथा ऑनलाइन सतर्कता अपनाने की जानकारी दी गई।

# श्री सत्य सांई यूनिवर्सिटी में गरिमापूर्ण ढंग से मनाया गया संविधान दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

श्री सत्य सांई यूनिवर्सिटी ऑ$फ टेक्नोलॉजी एंड मेडिकल साइंसेस, सीहोर के स्कूल ऑफ ला में संविधान दिवस बड़े ही उत्साह, गरिमा एवं राष्ट्रभावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय अतिथियों, प्राध्यापकों तथा छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल ऑफ ला की डीन डॉ. अमृता सोनी द्वारा की गई। अपने स्वागत उद्बोधन में उन्होंने भारतीय संविधान को राष्ट्र की आत्मा बताते हुए कहा मैं संविधान हूँ संविधान मुझमें जीता है और मैं संविधान में जीती हूँ मुझे गर्व है कि मैं भारतीय हूँ। उन्होंने सभी अतिथियों, प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों का हार्दिक स्वागत करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. मुकेश तिवारी, कुलसचिव डॉ. हेमंत शर्मा तथा परीक्षा नियंत्रक डॉ. संजय राठौर सहित विभिन्न संकायों के डीन, प्राचार्य एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संविधान की प्रस्तावना का वाचन, संविधान की महत्ता पर संवाद, तथा विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत की गई सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। उपस्थित सभी लोगों ने संविधान के आदर्शों—न्याय, स्वतंत्रता, समता एवं बंधुत्व—को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया तथा समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।